# कार्यालय–जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक, बीकानेर

क्रमांक–जिशिअ / मुमा / बीका / शाशि / जिला प्रति. / 13801 / 2026–27 / दिनांक–यथा ई हस्ताक्षर

**अतिआवश्यक**

समस्त संस्था प्रधान,
राउमावि / राबाउमावि / महा.गांधी रावि,
राउमावि (अंग्रेजी माध्यम),
मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय,
एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य समस्त विद्यालय,
जिला बीकानेर।

विषय–सत्र 2026–27 का खेलकूद शुल्क जमा करवाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयानुसार लेख है कि श्रीमान् निदेशक महोदय के आदेशानुसार सत्र 2026–27 के लिये छात्र / छात्राओं की खेलकूद शुल्क सामान्य वर्ग 20/– रू. प्रति छात्र / छात्रा और आरक्षित वर्ग (एसी / एसटी / ओबीसी) 10/– रू. प्रति छात्र / छात्रा निर्धारित की गई है। समस्त संस्था प्रधान राउमावि / राबाउमावि / महा.गांधी रावि, राउमावि (अंग्रेजी माध्यम) / मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य समस्त विद्यालय जिला बीकानेर को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय की कक्षा 06 से 12 तक के छात्र / छात्राओं का खेलकूद शुल्क दिनांक–25.08.2026 तक अनिवार्य रूप से संलग्न किये गये युजर मेनुअल मे दिये निर्देशानुसार ऑनलाईन भरकर तथा चालान की राशि बैंक में जमा करवाकर कार्यालय प्रति एवं शाला दर्पण छात्र / छात्रा संख्या विवरण (संस्था प्रधान से प्रमाणित) के साथ कार्यालय के लेखा शाखा में जमा करवाना सुनिश्चित करें। खेलकूद शुल्क जमा करवाने पर ही प्रतियोगिता में प्रविष्ठि दी जायेगी। समस्त संस्था प्रधानों (प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने वाले विद्यालय) को भी खेलकूद शुल्क जमा करवाना अनिवार्य है।

यदि आपके विद्यालय के छात्र / छात्रा प्रारम्भिक शिक्षा द्वारा आयोजित विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते है तो इसकी सूचना कार्यालय को अनिवार्य रूप से देवें।

<u>संलग्न</u>–जिला समान परीक्षा की साईट (bikaner.examraj.in) पर ऑनलाईन शुल्क जमा करवाने हेतु युजर मेनुअल (पेज–15)

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक बीकानेर

क्रमांक–जिशिअ / मुमा / बीका / शाशि / जिला प्रति. / 13801 / 2026–27 / दिनांक–यथा ई हस्ताक्षर

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. श्रीमान् निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
2. श्रीमान् निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
3. श्रीमान् संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर परिक्षेत्र, बीकानेर।
4. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, बीकानेर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक, बीकानेर को भेजकर लेख है कि राउमावि / राबाउमावि / महा.गांधी रावि (अंग्रेजी माध्यम) व मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय जिला बीकानेर के छात्र / छात्रा प्रारंम्भिक शिक्षा विद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेते है तो भाग लेने वाले खेलों की छात्र / छात्रा संख्या इस कार्यालय को प्रेषित करें ताकि समय पर भाग लेने वाले छात्र / छात्राओं का खेलकूद शुल्क आपको स्थानान्तरित की जा सके।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बीकानेर को पत्र भेजकर लेख है कि वे आदेश की पालना सुनिश्चित करावें।
7. संयोजक जिला समान परीक्षा एवं प्रधानाचार्य राउमावि इगानप, बीकानेर को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि समान परीक्षा के पेपर वितरण करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेवें की संबंधित विद्यालय ने खेलकूद प्रतियोगिता शुल्क जमा करवा दिया है।
8. प्रधानाचार्य, रा.सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
9. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक बीकानेर

Signature valid

Digitally signed by Kishan Dan Charan
Designation : District Education Officer
Date: 2026.07.13 15:13:30 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23374904
M e-Sign